हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 शिविर में अबतक आई 5395 शिकायतें, 3679 का समाधान



10 स्वास्थ्य कर्मियों ने चलाया फीवर मास सर्वे



## खबर संक्षेप

### बातों में उलझा सोने की अंगूठी ठगी, मामला दर्ज

जींद। सफीदों रोड पर बाइक सवार चार युवकों ने स्कूटी सवार व्यक्ति को बातों में उलझा कर सोने की अंगूठी ठग ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कातिलाना हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

कैथल। कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एएसआई रामफल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सीवन निवासी विकास कुमार उर्फ चिंगारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी नंदू की शिकायत अनुसार 8 मई की रात उसके भाई गोविंद पर आरोपी संगीत व चिंगारी समेत कई युवक चाकुओं व लाठी डंडों से वार कर रहे थे।

### सर्टिफिकेट बनवाने का झांसा दे 39 हजार ठगे

जींद। यूके से आए चैक को रिसीव करने से पूर्व मनी लांड्रिंग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर लगभग 39 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेल्समैन से नकदी लूटने का आरोपी काबू

कैथल। गांव जाम्बा में शराब ठेके के सेल्समैन से मारपीट कर नकदी लूटने के मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के एसआई रामबीर की टीम द्वारा करते हुए पूंडरी निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव राहड़ा जिला करनाल निवासी सन्नी की शिकायत अनुसार वह गांव जांबा स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम करता है।

### झगड़े में बीचबचाव करने पर किया हमला, केस दर्ज

जींद। गांव सिंसर में झगड़े में बीचबचाव करने पहुंचे युवक पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिंसर निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दादा रामदिया उसके चाचा सुरेंद्र के साथ रहता है।

### आईफोन छीनने का आरोपित गिरफ्तार

कैथल। आईफोन-12 छीनने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एएसआई जसवंत की टीम ने करते आरोपी जिला जींद के गांव मांडो खेड़ी निवासी सुनील को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अर्जुन नगर कैथल निवासी युवती महक की शिकायत अनुसार 5 अक्टूबर को हुडा सेक्टर 19 मोड मंदिर के पास से दो अज्ञात आईफोन छीन कर फरार हो गए।

### पति पर अप्राकृतिक यौनाचार का केस दर्ज

जींद। जुलाना थाना इलाका गांव में नशे में धुत्त पति द्वारा महिला से अप्राकृतिक यौनाचार करने पर पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पति नशे का आदी है।

### वन विभाग में गार्ड लगवाने का झांसा दे हड़पे 25 लाख

जींद। वन विभाग में गार्ड लगवाने का झांसा देकर देकर तीन युवकों से 25 लाख हडपने का मामला सामने आया है। युवकों को ज्वायनिंग लैटर तथा आईकार्ड भी दिए गए। दो युवकों को लखनऊ में तीन माह तक घुमा कर वापस भेज दिया। सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## महिला से अश्लील हरकत को लेकर चली आ रही थी दोनों पक्षों में रंजिश

# लाठी मार- मारकर एक को उतार दिया मौत के घाट, 3 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

गांव धरौदी मे रंजिश के चलते बीती देर शाम विवाद में व्यक्ति की हत्या कर दी। जबकि तीन लोग घायल हो गए। परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे ओर पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बाद में डीएसपी द्वारा आरोपितों की गिरफ्तार की आश्वासन देने पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। विवाद आरोपितों ने मृतक पक्ष की महिला से अश्लील हरकत करने से जुडा है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर तीन लोगों को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत केस दर्ज कर किया है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। गांव धरौदी निवासी दर्शन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम उसका पिता खजान सिंह व परिवार के कुछ सदस्य अपने मकान के बाहर बैठे थे। उसी दौरान गांव का ही सुरेश, रवि, गांव सुलतानपुर निवासी राजेश समेत आठ अन्य वहां पर आए और लाठियों, डंडों से हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता खजान सिंह, परिवार विशाल, सलिंद्रो तथा विवेक को गंभीर चोट आई। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिन्हें देखकर आरोपित धमकी देते फरार हो गए। परिजनों ने गांव सुलतानपुर निवासी राजेश को पकड़ लिया। परिजनों ने खजान सिंह (65) समेत चारों घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सको ने खजान सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। विवाद के पीछे कारण मृतक खजान सिंह परिवार की महिला के साथ आरोपित सुरेश तथा रवि द्वारा अश बताया गया है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने सदर थाना नरवाना में दी हुई थी। जिसके चलते आरोपित मृतक परिवार से रंजिश रखे है। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे दर्शन की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने गांव के ही सुरेश, रवि गांव सुलतानपुर निवासी राजेश को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत को दर्ज कर किया है।

### गिरफ्तारी पर अड़े परिजन तो पुलिस के छूटे पसीने, डीएसपी के आश्वासन पर माने



जींद। परिजनों से बातचीत करते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि



जींद। नागरिक अस्पताल में विलाप करते परिजन। फोटो :हरिभूमि

#### दोषियो को बख्शा नही जाएगा

डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं। कुछ लोगो को राउंडअप कर लिया गया है। दोषियो को किसी भी सूरत मे नही बख्शा जाएगा।

#### पुलिस आरोपितों के ठिकाने पर कर रही छापेमारी

हालांकि पुलिस ने खजान सिंह की मौत पर रात को ही हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। वीरवार को परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। दोपहर तक परिजन अपनी मांग पर अडे रहे। आखिरकार डीएसपी अमित भाटिया परिजनों के बीच पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम लगातार आरोपितों के ठिकानो पर छापेमारी कर रही है। लोग आरोपितों को राउंडअप कर लिया गया है। अन्य को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने को राजी हो गए। शव को अस्पताल से ले जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।



जींद। प्रदर्शन में भाग लेते परियोजना कर्मी। फोटो :हरिभूमि

# परियोजना कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड जल्द से जल्द रद किए जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सीटू के आह्वान पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली परियोजना कर्मियों ने लघु सचिवालय पर वीरवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान सतबीर खरल ने किया। परियोजना कर्मियों को आशा वर्करों की नेता राजबाला व जिला प्रधान नीलम, क्रेच वर्कर एवं हेल्परों की नेता सुशीला और अनीता, मिड-डे मील वर्कर्स की प्रधान कैलाश व सुनीता ने संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ तो भाजपा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगा रही है लेकिन दूसरी तरफ स्कीमों में काम करने वाली महिलाओं को मामूली मानदेय देकर उनका भारी आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ऑनलाइन के नाम पर हर रोज ऑनलाइन काम का दबाव बनाया जा रहा है। जिसके बदले में कुछ नही दिया जा रहा। वर्षो से काम करने वाली इन परियोजना कर्मियों को न्यूनतम वेतन तो दूर मजदूर का दर्जा तक नहीं दिया गया और सरकार द्वारा इन महिलाओं का शोषण जारी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव मे जनता ने भाजपा को हराने का काम किया। चुनाव हारने के बाद जोड़.तोड़ करके देश कि सत्ता लेने के बाद भाजपा सरकार एक बार फिर मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है। मजदूर विरोधी लेकर कोड लागू करके मजदूरों को गुलामी की ओर धकेला जा रहा है। नौकरी तो दूर वेतन तक की गारंटी नही है। अंत में परियोजना कर्मियों व मजदूरों ने धरना स्थल से उपायुक्त कार्यालय तक अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए पहुंचे।

# खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ आठ साल से प्राथमिक शिक्षकों के एक बार भी नहीं किए तबादले : राजेश चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जुलाना इकाई ने वीरवार को प्राथमिक शिक्षकों और प्राथमिक स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जुलाना खंड प्रधान राजेश चहल ने बताया कि सरकार ने पिछले आठ साल से प्राथमिक शिक्षकों के एक बार भी तबादले नही किए हैं। जिसके कारण स्कूलों में अवव्यस्था बनी हुई है। इस कारण अभिभावकों और अध्यापक समाज में सरकार के प्रति रोष फैला हुआ है। जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल ने बताया कि एक तरफ तो सरकार स्कूलों में बच्चे बढ़ाने के लिए शिक्षकों पर दबाव बनाती है। दूसरी तरफ अध्यापकों को विभिन्न गैर शैक्षणिक कार्यों जैसे पीपीपी, उल्लास सर्वे, बीएलओ आदि कार्यों में उलझाकर कक्षा से लगातार दूर रख रही है। इससे सरकार की दोहरी नीति उजागर होती है। पूर्व जिला प्रधान रूपेंद्र गोयत, पूर्व खंड प्रधान सतेंद्र कुंडू, संरक्षक मनोज, सोनिया, सरिता आदि मौजूद रहे।




खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य।

# विदेश भिजवाने के नाम पर 8.25 लाख की धोखाधड़ी

■ धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला सहित पांच के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

सिविल लाइन कैथल पुलिस ने विदेश भिजवाने के नाम पर एक युवक के साथ 8 लाख 25 हजार की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला जींद के गांव हथो के नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह गांव ढाकल के विकास को अच्छी तरह से जानता है। विकास ने उसे कहा कि वह युवाओं को विदेश भिजवाने का काम करता है यदि आप विदेश जाना चाहते हैं तो वह उसे विदेश भिजवा देगा। इस पर वह उसकी बातों में आ गया तथा उसने अलग-अलग तिथियां में उसे 8 लाख 25 हजार रुपए की राशि दे दी। आरोपी ने उसके पासपोर्ट में अन्य दस्तावेज ले लिए तथा जल्द ही उसे विदेश भिजवाने का आश्वासन दिया। बार-बार आश्वासन के बावजूद जब आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा तो उसने अपने राशि वापस देने की मांग की तो इस पर आरोपी ने राशि देने से इंकार कर दिया तथा धमकी भी दी। मामले की जांच अधिकारी इंस्पेक्टर शीला मंत्री ने बताया कि पुलिस ने युवक की शिकायत पर गांव ढाकल के विकास, कुलदीप निवासी रामथली समादां, अरविंद निवासी गालासंग जिला जींद, मनीष निवासी कोलेखा और अमन निवासी जनकपुरी कॉलोनी कैथल तथा निशा निवासी पानीपत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगे

कैथल। थाना सदर पुलिस कैथल ने हरियाणा कौशल निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक महिला सहित 6 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव बरटा के दिनेश ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह नौकरी लगना चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत सेवा सिंह से हुई। सेवा सिंह ने बताया कि उसके हरियाणा कौशल रोजगार में निगम के अधिकारियों से जान पहचान है। वह उसे हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नौकरी दिलवा देगा। इस पर बाद में सेवा ने उसे विक्रम, संजीव, नैंसी, जसपाल और गुरमीत कुंडू से मिलाया। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथियां में उससे 20 लाख रुपए की राशि ले ली तथा जल्द ही नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। बार-बार आश्वासन के बावजूद जब उसे नौकरी नहीं मिली तो उसने आरोपियों से अपने राशि वापस लेने की मांग की तो आरोपियों ने राशि देने से इंकार कर दिया। मामले के जांच अधिकारी एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशा तस्करी के जुर्म में दो को दस-दस साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नेहा नौरिया की अदालत ने चरस तस्करी के जुर्म में दो तस्करों को दस-दस साल का कारावास तथा एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषियों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सीआईए स्टाफ को पांच जुलाई 2021 को सूचना मिली थी कि गांव खरकबूरा निवासी सत्यवान तथा गांव करसिंधू निवासी राममेहर नशीले पदाथारे् का कारोबार करते हैं और वे नशे की खेप लेकर बाइक से जींद की तरफ किसी को डिलीवरी देने आ रहे हैं। जिसके आधार पर सीआइए स्टाफ ने नरवाना रोड पर फ्लाइओवर के निकट आने जाने वाले वाहनों पर निगाह रखनी शुरु कर दी। उसी दौरान बाइक सवार दो व्यक्ति पुलिस पार्टी को देख कर मुडकर वापस जाने लगे तो पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उन्हें काबू कर लिया। तलाशी लिए जाने पर उनके पास थैले से एक किलो 900 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों की पहचान गांव खरकबूरा निवासी सत्यवान तथा गांव करसिंधू निवासी राममेहर के रूप में हुई।

# नायब तहसीलदार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

■ भाकियू ने की कृषि अधिकारी के रिश्वतकांड की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। ढांड

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की ढांड ब्लाक की बैठक ब्लाक प्रधान पिरथी कौल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल व युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक के बाद युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व मे जिला कृषि विभाग कैथल के अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ नारेबाजी करते किसान,तहसील कार्यालय मे पहुंच कर नायब तहसीलदार ढांड को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मे युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि भाकियू (चढूनी) सरकार से मांग करती है कि कृषि विभाग के जिला कार्यालय मे जिस तरह एक कच्चे कर्मचारी की ओर से डी,डी,ए कैथल की आडियो व लिस्ट व्हाटसएप ग्रुपो मे जारी कर लाखों रूपय की रिश्वत लेने के मामले की पोल खोली गई है उस पर सरकार व प्रशासन को तत्काल जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहिए, ताकि आमजन को इन भ्रष्ट आधिकारियो से निजात मिल सके। जिस तरह से लाखों रुपये की रिश्वत के आरोप आडियो के माध्यम से सरेआम लगाए जा रहे है वह काफी गंभीर विषय है।



ढांड। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता व कार्यकर्ता।



कैथल। जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### नशा तस्कर की पकड़ के लिए पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

कैथल। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। वीरवार सुबह 6 बजे सभी एसएचओ द्वारा अपने अपने अधिकार क्षेत्र में पुलिस की विभिन्न टीमें बनाकर संदिग्ध नशा तस्करों की घरो पर पुरे जिले में एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया गया। संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश पर जिला पुलिस द्वारा आमजन को जहां पर नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। वीरवार सुबह 6 बजे जिला में विभिन्न पुलिस टीमो ने एक साथ विभिन्न स्थानो पर संदिग्ध नशा तस्करों के घरों पर नियमानुसार कार्रवाई अंतर्गत सघन जांच की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय उत्पन्न करना है तथा मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। डीएसपी ने कहा कि जिला में किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। वर्ष 2024 दौरान कैथल पुलिस ने 6 महीनों में नशा तस्करी के 36 मामले दर्ज करके 56 नशा तस्करो को काबू किया गया।

### हेल्थ पॉलिसी के पौने तीन लाख रुपये हड़पे

जींद। फर्जीवाडे को अंजाम देकर हेल्थ इंश्योरेस पॉलिसी की लगभग पौने तीन लाख रुपये की राशि हडपने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी तथा मुंबई के अस्पताल संचालक चिकित्सक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अकालगढ़ निवासी नंद किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मर्चेंट नेवी में पीटी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। छह दिसंबर 2021 को उसने केयर हैल्थ कंपनी से हैल्थ पॉलिसी खरीदी थी। जिसकी वैधता दिसंबर 2023 तक थी। जिसके बाद कंपनी ने दिसंबर 2025 तक पॉलिसी रिन्यू कराया। कंपनी से उसने नो क्लेम बोनस मांगा। कंपनी ने बताया कि वह 23 मई 2022 से चार जून 2022 तक डा. महेश के मुंबई स्थित अस्पताल में भरती रहा है। जिस पर कंपनी से डाक्टर महेश ने दो लाख 79 हजार 766 रुपये का क्लेम किया है। जिसका भुगतान कर दिया गया है।

कार्रवाई | कृषि विभाग के मुख्यालय की ओर से पत्र जारी

# रिश्वत लेने की ऑडियो व फोटो वायरल होने पर कृषि उपनिदेशक को किया सस्पेंड

बोगस दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति का आरोप लगाया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



कृषि विभाग कैथल में तैनात एक जिला स्तर के अधिकारी पर रिश्वत लेने संबंधी एक ऑडियो व रिश्वत की लिस्ट व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल होने के मामले में अब कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. बलवंत को विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। इस मामले में कृषि विभाग के मुख्यालय की ओर से पत्र जारी कर अधिकारी की बर्खास्तगी की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि बुधवार को ही डीडीए की ओर से हटाए गए अनुबंध पर लिपिक प्रगट सिंह के खिलाफ सिविल लाइन थाना की पुलिस को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पर नियुक्त होने की शिकायत दी थी। इसके बाद अधिकारी व कर्मचारी आमने-सामने हो गए थे और हटाए गए कर्मी प्रगट सिंह मीडिया के सामने भी आए थे। बर्खास्त किए गए कृषि विभाग के जिला उप निदेशक ने प्रगट सिंह पर बोगस दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति का आरोप लगाया था। इसके बाद इस मामले में पुलिस ने कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी की

### कर्मी के खिलाफ दी थी शिकायत

सिविल लाइन थाना पुलिस में डीडीए बलवंत सिंह ने शिकायत देकर बताया था कि पूंडरी निवासी प्रगट सिंह 16 अक्टूबर 2020 को कार्यालय में आत्मा स्कीम के तहत लिपिक के पद पर नियुक्त हुआ था। उसे विभाग की ओर से आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से योग्यता से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए लिखा गया था। जब उसने इस पद के लिए अपेक्षित योग्यता से संबंधित प्रस्तुत प्रस्तुत किए तो दस्तावेज बोगस व जाली पाएगा। इसके बाद उसकी सेवाएं समाप्त कर कार्यभार से मुक्त कर दिया था। उसने जो वेतन प्राप्त किया, वह भी जाली तरीके से पाया। जबकि प्रगट सिंह कि इस पद के लिए पात्रता नहीं बनती थी।

ये है पूरा मामला: दो दिन पहले ही वाट्सएप ग्रुपों में कृषि विभाग के उपनिदेशक की ओर से रिश्वत लेने की एक ऑडियो व सूची वायरल हुई है। जारी की गई सूची में चार हजार से लेकर 20 लाख रुपये तक की रिश्वत देने का जिक्र हुआ था। आरोप लगाने वाले कर्मी का कहना था कि विभाग के कर्मचारियों कभी स्टॉक रजिस्टर पूरा न होने के नाम पर तो कभी दवाइयों के सैंपल लेने का डर दिखाकर रिश्वत लेता है। यह भी सामने आया कि पिछले दिनों कृषि विभाग के अधिकारियों ने चीका में एक पेस्टीसाइड का गोदाम सील किया था। आरोप था कि इस गोदाम में नकली दवाइयां जमा की गई है। बाद में जब इस गोदाम को खोला गया तो उसमें से दवाइयां गायब मिली। आरोप है कि अधिकारियों ने किसी मृतक व्यक्ति के नाम किरायानामा संबंधी तस्दीकशुदा शपथ पत्र लेकर मामले को रफा दफा कर दिया था।

### संदिग्ध हालात में तालाब के निकट मिला व्यक्ति का शव

जींद। गांव रामकली में व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में तालाब के निकट पड़ा मिलने से हडकंप मच गया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गईं और हालातों का जायजा। परिजनों ने मौत पर संदेह जताया है। मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में चिकित्सक बोर्ड से करवा बिसरा लैब में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामकली निवासी अशोक (52) का शव वीरवार सुबह गाव के तलाब के निकट पड़ा देखा गया। घटना की सूचना पाकर डीएसपी रोहताश ढुल पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगरा का निशान भी नही था। मृतक के भतीजे व अन्य परिजनों ने अशोक की मौत पर सदेह जताया है। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतक के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। रिपोर्ट आने के बाद ही अशोक की मौत के कारणो का पता चल पाएगा। डीएसपी रोहताश ढुल ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नही है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों के बढ़े मूल्यांकान अंक

**उचाना।** गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी के तीन विद्यार्थियों के पुनः मूल्यांकन में अंक बढ़े। निखिल के अंक बढ़ने से 10वीं कक्षा में 80 विद्यार्थियों में से 80 मेरिट सूची में हो गए है। पहले स्कूल की 79 मेरिट थी। प्राचार्या सविता सिंगला ने बताया कि 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के बाद 80 में से 79 मेरिट आई थी। निखिल जांगडा के मेरिट से कम अंक आए थे।

### संदिग्ध हालत में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव ढाठरथ से युवती के गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाव ढाठरथ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### सरकारी स्कूल का टूटा ताला, मामला दर्ज

**जींद।** गांव भिड़ताना में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल का ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर, यूपीएस समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव भिड़ताना सरकारी स्कूल के मुखिया राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ कर दो गैस सिलेंडर, यूपीएस दो बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### संसार के मोह में अधिक मत फंसो

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि संसार में हमारा अस्तित्व शरीर और आत्मा दोनों के संयोग से है। इसलिए अपने शरीर को सुंदर, स्वच्छ, स्वस्थ, सुखी, सुविधाजनक रखने के लिए संसार के जरूरी उपाय तो करो लेकिन धर्म की मर्यादा के दायरे में रह कर करो और अपनी शक्ति का अधिक से अधिक प्रयोग परमात्मा के ज्ञान, ध्यान, भजन और उसके संसार की निष्काम सेवा में करो।

### कल तीन गांव का दौरा करेंगे पूर्व सांसद

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह 13 जुलाई को हलके के तीन गांवों के दौरे करेंगे। हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कसूहन गांव से दौरे की शुरूआत पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह करेंगे। मोहनगढ़ छापड़ा, झील में भी कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचेंगे।

### बाड़े का ताला तोड़कर दो पशु चुराए, मामला दर्ज

**जींद।** गाव दनौदा मे बीती रात चोरो ने पशुबाडे का ताला तोड कर एक भैस तथा कटडी को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पशु पालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गाव दनौदा खुर्द निवासी शीलू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके पशुबाडे.का ताला तोड़ एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह चारा डालने पहुंचा।

### मार्केट एसोसिएशन के प्रधान बने राकेश

**जींद।** गांधी गली मार्केट एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से राकेश तायल को प्रधान नियुक्त किया गया। राकेश ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौपी गई है, उस पर वो खरा उतरने का काम करेंगे। बैठक में संजय गोयल को संरक्षक, उप प्रधान सतीश सोनी, सतीश गर्ग, सचिव अशोक कुमार मित्तल, सह सचिव मनीष जैन, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार गर्ग, चतर सिंह, संदीप गर्ग को मनोनित किया गया।

### कैंप में आ रही फैमिली आईडी की शिकायत

**उचाना ।** दो घंटे के समाधान शिविर में लोग अपनी शिकायतों के लेकर आ रहे है। 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है। शिविर में 9 समस्याएं आई जिनमें सभी समस्याएं फैमिली आईडी को लेकर थी।

## सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करने के आदेश

# शिविर में अब तक आई 5395 शिकायतें, 3679 का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने नगर निकाय व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे शहर की सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त रखेंएक्योंकि बारीश का सीजन हैए ऐसे में अधिक बरसात में जलभराव की स्थिति बनना स्वाभाविक है। उन्होंने नागरिकों से भी आहवान किया कि वे घर के कूड़ा कर्रकट को एकत्रित कर निकाय विभाग द्वारा भेजे गए वाहनों में ही डालें। उपायुक्त ने यह निर्देश वीरवार को समाधान शिविर के दौरान जींद शहर की एक बस्ती के लोगों द्वारा रखी गई एक शिकायत का समाधान करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने नगर निकाय व जन सवास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकास विभाग शहर की सुंदरता को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में शहर की साफ.-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सीवरेज व नालों की सफाई को दुरूस्त रखें ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न ही न होएइससे शहर की सडको को भी टूटने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा खुले सीवरेज को भी डक्कन लगाने का कार्य करें ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जाए। उपायुक्त ने बताया कि जिला में समाधान शिविरों में आने वाले लोगों द्वारा अब तक कुल 5395 शिकायतें दर्ज की गई हैए जिनमें से 3679 लोगों की शिकायतों का समाधान हो चुका हैए और शेष के समाधान के लिए प्रक्त्रिया चल रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर में वीरवार को 53 शिकायतें दर्ज की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने आवेदकों से अपील करते हुए कहा कि जो व्यक्ति समाधान शिविर में एक बार अपना आवेदन दे चुका है वो बार-बार समाधान शिविर के चक्कर ना काटेए अधिकतर समस्याओं का समाधान हो चूका है।


जींद। शिविर में समस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### सफीदों शिविर में एसडीएम ने सुनी 18 शिकायतें



लघु सचिवालय सफीदों के सभागार में वीरवार को समाधान शिविर एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में किया गया। समाधान शिविर मे कुल 18 समस्याएं आई। इनमें से 15 समस्याएं परिवार पहचान पत्र मे आय कम और फेमिली आईडी अलग करवाने बारेए दो पुलिस विभाग से एवं एक पेंशन संबंधित रहीं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए व मौके पर 14 समस्याओं का निपटान किया गया। शिविर में सफीदों निवासी सोनिया ने बताया कि वह एक गृहिणी है तथा फेमिली आईडी में इनकी आय एक लाख 80 हजार से तीन लाख तक वेरिफाई की गई है जबकि उनकी वास्तविक आय शून्य है। इसके फलस्वरुप वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाती है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजेश गर्ग, सिंचाई विभाग के एसडीओ विजेंद्र बूरा और एसईपीओ शकूर खान मौजूद रहे।

### शिकायतों का समाधान

वीरवार को गांव किलाजफरगढ़ निवासी होकम ने अपनी शिकायत में बताया कि वह विधवा है पिछले पांच महीनों से उसकी बुढ़ापा पेंशन नहीं मिल रही है। जिसके कारण उसे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार जुलाना निवासी इंद्रवती अपने पोते की पेंशन को अपने खाते में ट्रांसफर करवाने के लिए फरियाद लेकर आई थी उसने बताया कि उसके पुत्र का देहांत हो चूका हैए और उसका पोता उसी के साथ रहता है। लेकिन उसकी पेंशन उसकी पुत्रवधू के खाते में जाती है जबकि उसने पुनःविवाह कर लिया है। इस पर उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को तुरंत जांच करने के आदेश दिए। गांव हाट निवासी इंद्रजीत अपनी फैमिली आई डी में अपनी आय दुरस्त करवाने कि अर्जी लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी बुढ़ापा पेंशन बनी हुई है लेकिन उससे उनका गुजारा नहीं चलता। उनकी फैमली आई डी में आय 'यादा दर्शाई गई है जो कि गलत है इसके कारण वो सरकारी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। इसी प्रकार अर्बन एस्टेट निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवरेज ब्लॉक हो चुके हैए जिनके कारण घर की शौचालय में भी सीवरेज का गंदा पानी देखने को मिलता है। उपायुक्त ने इन सभी पर गौर फरमाते हुए सम्बंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये। विश्वकर्मा कालोनी जींद के चन्द्र सिहं ने कहा कि मैने सुना है समाधान शिविरों में हर व्यक्ति की सुनवाई हो रही हैए यह कथनी तब साबित हो गई जब मैने अपनी फैमिलि आई ठिक करवाने को लेकर शिकायत समाधान शिविर में रखी और मेरा मौके पर ही समाधान कर दिया गया।


जींद। हरियाणा उदय के तहत कंडेला में पौधरोपण करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

# पौधों का बच्चों की तरह रखें ख्याल : डा. हरीश

- हरियाणा उदय के तहत गांव कंडेला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। पौधों को जीवित रखने के लिए उनका बच्चों की तरह पालन-पोषण जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से बरसात के मौसम के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया है। एडीसी डा. वशिष्ठ वीरवार को हरियाणा उदय के तहत कंडेला में बड़ा जोहड़ा पर आयोजित पौधारोपण अभियान के दौरान नागरिकों को अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मां के नाम लगाए गए पौधे से आत्मीयता का भाव और लगाव बनता है।

### कर्नल जगजोत डोढ़ी ने दिया अनुशासन का संदेश

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी प्रभारी कर्नल जगजोत डोढ़ी ने अपने संबोधन के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र सेवा की भावना व अनुशासन में रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं में समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का होना जरूरी है। युवाओं को हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब-जब देश व समाज को जरूरत महसूस हुई है तो युवा वर्ग ही सबसे पहले आगे आया है। समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाने में भी युवाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत कंडेला में करीब 700 पौधे लगाए गए। एडीसी व अन्य अधिकारियों तथा गांव के प्रबुद्ध लोगों ने तालाब क्षेत्र के अलावा व्यायामशालाए पशु अस्पताल व अन्य जगहों पर पौधा रोपण किया। ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे बरसात के मौसम के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे।

# एससी समाज की अनदेखी जारी : प्रदीप

- प्रदीप गिल ने एससी समाज के लोगो की मांग का समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर में एससी समाज के लोग एक साल से धरना दे रहे हैं। उनकी मांग हैं कि शहर के कुछ चौकों को उनके महापुरुषों के नाम पर रखा जाए। इनमें संत कबीर चौक रोहतक रोड पर, संत गुरु रविदास चौक भिवानी रोड पर, वाल्मीकि चौक कोर्ट के सामने गोहाना रोड पर शामिल है। धरना स्थल पर पहुंच कर प्रदीप गिल ने संबोधन करते हुए कहा कि एससी समाज की मांगें उचित हैं। परंतु विधायक और स्थानीय प्रशासन इसे ध्यान में नहीं ले रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के नेताओं के बारे में भी बात की जो धरना स्थल के पास से गुजरते हैंए लेकिन मांगों को पूरा नहीं करते। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने एससी समुदाय को बरगलाने के लिए चौकों पर साइड में एक तस्वीर लगाई हैए मगर वो सही ढंग से नहीं है और उसके चारों तरफ रेलिंग या कोई अन्य व्यवस्था नहीं है। यह प्रशासन की नाकामी है। उन्होंने कहा कि एससी समाज के लोगों का जीवन देखकर उन्हें पीड़ा होती है, जो केवल 20.20 गज के कच्चे मकानों में बसे हुए हैं। उन्होंने लोगों को कहा कि आपकी यह स्थिति केवल शिक्षा बदल सकती है। आप अपने बच्चों को शिक्षित कराए और उनके भविष्य को उज्जवल करे।



जींद। धरनास्थल पर मौजूद लोगों से बातचीत करते प्रदीप गिल। फोटो :हरिभूमि

### चुनाव के दौरान तोड़ा गेट अब तक नही जोडा

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान अर्जुन स्टेडियम का बडा गेट जरूरत के चलते तोड़ दिया गया था जिससे आज तक ठीक नहीं करवाया गया। राजकुमार गोयल ने इस गेट को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। गोयल का कहना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान इस स्टेडियम को मतगणना केंद्र के तौर पर उपयोग में लाया गया था। उस समय संबंधित सामान इत्यादि लाने व ले जाने के लिए इस स्टेडियम के छोटे गेट के साथ लगते बड़े गेट को तोड दिया गया था। लोकसभा चुनाव को हुए काफी दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक प्रशासन ने इस गेट को ठीक नहीं करवाया है। अब 24 घंटे यह गेट खुला रहता है। जिसकी वजह से स्टेडियम की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग कर रह गया है।

# कानून व्यवस्था का निकला जनाजा : रेढ़ू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कानून की जगह प्रदेश में अपराधियों का राज है। हरियाणा से गुंडागर्दी को जड़ से केवल भूपेंद्र हुड्डा ही सीएम बनकर समाप्त कर सकते हैं। बलजीत रेढ़ू बृहस्पतिवार को जींद के बड़ोदी और अहिरका गांव में लोगों से रूबरू हो रहे थे। अपने संपर्क अभियान के दौरान बलजीत रेढ़ू को दोनों गांवों के लोगों का भारी समर्थन मिला। लोगों ने बलजीत रेढ़ू द्वारा की जा रही समाजसेवा के लिए उनका गांव में जोरदार स्वागत किया और कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र में बलजीत रेढ़ू ही ऐसे नेता हैं जो राजनीति जनसेवा के लिए कर रहे हैं। इस मौके पर बलजीत रेढ़ू ने कहा कि हरियाणा में आए दिन व्यापारियों से चौथ मांगी जा रही है। कभी हिसार में एक व्यापारी के प्रतिष्ठान पर 50 राउंड फायरिंग कर करोड़ों की चौथ मांगी जाती हैए तो बुधवार को हांसी में हीरो एजेंसी के मालिक रविंद्र सैनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हरियाणा में अपराध का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को भय के इस माहौल से केवल भूपेंद्र हुड्डा ही सीएम बन कर उबार सकते हैं। भूपेंद्र हुड्डा जब प्रदेश के सीएम थे, तब उन्होंने हरियाणा से अपराध और अपराधियों को जड़ से समाप्त कर दिया था।


जींद। कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते बलजीत रेढ़ू। फोटो :हरिभूमि



जींद। विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क लगाए छात्र संगठन पदाधिकारी।

### किसान छात्र एकता संगठन ने लगाया हेल्प डेस्क

**जींद।** यूजी कोर्स और यूजी डिप्लोमा की चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। जिसकी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 11 जुलाई और 12 जुलाई को होनी है और 11 जुलाई से एंट्रेंस टेस्ट भी शुरू हो गए हैं। जिसके चलते किसान छात्र का संगठन के पदाधिकारीयों ने विश्वविद्यालय में हैल्प डेस्क का आयोजन किया। विश्वविद्यालय उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि प्रत्येक विभागों में जाकर छात्र-छात्राओं की मदद की जा रही है। नए आने वाले छात्रों का स्वागत किया गया है और विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी दी गई है। विश्वविद्यालय छात्र प्रमुख अरविंद मुंडे ने बताया कि किसान छात्र एकता संगठन लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखने वाला संगठन है। इसमें प्रत्येक छात्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाता है। सचिव वेदपाल पाथरी ने कहा कि विश्वविद्यालय में आने वाले की यथा संभव हर मदद की जाएगी।

# व्यापारियों के हालातों पर लगेगी व्यापारी न्याय चौपाल : महाबीर

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी दीपक बावरिया होंगे चौपाल के मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि शानिवार शाम को व्यापारी न्याय चौपाल का आयोजन जीद मे किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी दीपक बावरिया होगें। व्यापारी न्याय चौपाल में व्यापारी अपनी दिक्कतों पर विचार विर्मश करेंगे। प्रदेश में मौजूदा समय में जो हालात बने हैं, व्यापार करना दूभर हो गया है। महाबीर कंप्यूटर वीरवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। हर रोज फिरौती, अपहरण, हत्याओं की घटनाएं हो रही है। अपराधी दिन-दिहाड़े घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। व्यापारियों में घटनाओं को लेकर खौफ है। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर बदमाश गोलियां चला कर फिरौती मांग रहे हैं। व्यापारियों पर कभी ईडी कभी जीएसटी रेड करके भय का वातावरण पैदा किया जा रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों से मिडल क्लास व्यापारी मंदी की मार से जूझ रहा है। कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र तैयार कर रही है। जिसमे व्यापारियों की समस्याओं घोषणा पत्र मे शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग अपनी सुरक्षा मांगता है। अगर प्रदेश में सुरक्षा नही तो प्रदेश का विकास और आर्थिक व्यवस्था में उन्नति नहीं हो सकती हैं। व्यापारी सरकार का खजाना भरने में अहम योगदान देता है।





जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### मोतीलाल नेहरू स्कूल में मनाया जनसंख्या दिवस

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चे जनसंख्या वृद्धि के बारे में जागरूक हों, उसके प्रभाव को समझें और साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझें। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने बनाए गए चार्ट में दर्शाया कि जनसंख्या वृद्धि के कारण किस प्रकार से प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने निबंधों में जनसंख्या के प्रभाव को विस्तार से विश्लेषित किया और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण में भी अपना सहयोग दिखाया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण दोनों हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ग्रामीणों को डेंगू व मलेरिया बीमारी को लेकर किया जागरूक

# स्वास्थ्य कर्मियों ने चलाया फीवर मास सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जुलानी व ईंटल कलां गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा गांव में ड़ेंगू रोधी माह मनाया गया। इस दौरान डेंगू बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी व आम जनता से अपील करते हुए कहा कि डेंगू से बचाव बारे जागरूक रहें। स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार कहा कि बरसात के मौसम में इस बीमारी का फैलने का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के लिए कुछ उपाय कर डेंगू से बचा जा सकता है। उन्होंने डेंगू बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमें अकस्मात तेज 'वर, सिरदर्द, आंख में दर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर में दर्द होता है। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार संक्रमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। एडीज मच्छर थोड़े से साफ पानी में अपना जीवनचक्र पूरा करता है। इस रोग से बचाव हेतु घर में कूलर, बाल्टी, घड़े के पानी को सप्ताह में एक बार अवश्य बदलते रहें, गड्ढों में जहां पानी इकट्ठा हो तो उसमें मिट्टी भर दें। यदि मिट्टी डालना संभव ना हो तो उस गड्ढे के पानी में कुछ मिट्टी का तेल या डीजल डाल दें। सोते समय यथासंभव मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं साफ रखें, घर में कूलर, गमले, टायर, खाली बर्तन, नारियल खोल, छत पर खुली टंकियां, बेकार टिन, खाली बोतलों में पानी एकत्र न होने दें। घर के आसपास पानी इकठ्ठा न होने दें। जहां तक संभव हो खुले बदन एवं बिना मच्छरदानी के न सोएं, अप्रशिक्षित डॉक्टर के पास रोगी को उपचार हेतु न लेकर जाएं।


जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी व डेंगू रोधी माह मनाते स्वास्थ्यकर्मी।

### सावधानियों की जानकारी दी

स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश कुमार के नेतृत्व में ड़ेंगू रोधी माह व विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। ग्रामवासियों को डेंगू बुखार के कारण, लक्षण एवं सावधानियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी में स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजबीर व विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में डेंगू रोधी माह मनाया गया।


उचाना। स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में आयोजित कार्यक्रम।

### कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**उचाना।** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के तत्वाधान में स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में बाल भारती व कन्या भारती के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एसडी महिला महाविद्यालय उचाना मंडी प्राचार्या डॉ. दर्शना ने शिरकत की। बालभारती संयोजिका अनीता, कन्याभारती संयोजिका, प्रमिला की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य ने पहले बाल संसद, बालभारती के प्रधानमंत्री, अध्यक्ष्र, उपाध्यक्ष, मंत्री, सहमंत्री सेनापति एवं सह-सेनापति को शपथ ग्रहण करवाई। डॉ. दर्शना ने कन्या भारती की छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाई। प्राचार्या ने कहा कि बाल भारती, कन्या भारती एक लोकतांत्रिक शैक्षिक संगठन है जो प्रधानाचार्य के संरक्षण में छात्रों के लिए छात्रों द्वारा संचालित होता है। विद्या भारती की संकल्पना के अनुसार छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्य, नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने के लिए विद्यार्थियों का, छात्रों के द्वारा, छात्रों के लिए बालभारती का गठन किया जाता है। बताया कि छात्र संसद के क्रियाकलापों में सहभागिता करने से छात्रों में चिंतन एवं तर्क सहित किसी भी विषय पर अभिमत को प्रस्तुत करना आदि अनेक मानसिक क्षमता एवं कुशलताओं का विकास होता है।

## खबर संक्षेप

### शुभ अवसरों पर करना चाहिए रक्तदान : रामजी

**कैथल।** जिला रैडक्रास सोसायटी कैथल द्वारा डा. मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रैडक्रास सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा चण्डीगढ़ के जन्मोत्सव पर वीरवार को रैडक्रास भवन कैथल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ रामजी लाल सचिव जिला रैडक्रास सोसायटी कैथल के कर-कमलों से किया गया। रक्तदान शिविर में सैकड़ों रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने बाइक चोर किया काबू

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक बाइक चोर को काबू करके चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव देवबन निवासी राममेहर की शिकायत अनुसार 6 अक्टूबर 2022 को उनकी बाइक को अनाज मंडी कैथल से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था।

### हॉकी स्टेडियम हाबड़ी के लिए पुनः होंगे ट्रायल

**कैथल।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र ने बताया कि खेल विभाग के निदेर्शानुसार हॉकी स्टेडियम हाबड़ी में 25 हॉकी खिलाड़ियों की आवासीय खेल अकादमी के लिए ट्रायल लेने के आदेश दिए हैं। इस अकादमी में खिलाड़ियों कि संख्या कम होने के कारण पुनः ट्रायल लिए जाएगें। इस अकादमी के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। हॉकी एकडेमी हाबड़ी में हॉकी आवासीय अकादमी लड़के के लिए 24 जुलाई को ट्रायल 8 बजे से किया जाएगा।

### ढांडे ने युवा वर्ग के लोगों से की मुलाकात

**गुहला-चीका।** गुहला कांग्रेस के वरिष्ठ व युवा नेता नरेश ढांडे ने दावा किया है कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा है, जिसके बूते आज यह दावा किया जा सकता है कि कांग्रेस अपने दम पर 70 से अधिक सीटें जीतकर प्रदेश में जनता के हित की सरकार बनाएगी। ढांडे आज युवा कार्यकताअरं से मीटिंग करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### बारीक धान का मूल्य घोषित करे सरकार : अजीत सिंह

**पाई ।** पाई क्षेत्र के किसानों ने सरकार से मांग की है कि बारीक धान का भी समर्थन मूल्य घोषित करके सरकार खरीद करें। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबडी, प्रदेश किसान यूनियन के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई, प्रचार करतारा राम, दिलबाग आदि ने बताया कि किसान लगभग 50 प्रतिशत धान बारीक लगाते है। मंडियों में इस किस्म धान की समर्थन मूल्य न होने के कारण कोई सरकारी खरीद नही है।

### पानी की मोटर चोरी करने वाला आरोपी काबू

**कैथल।** चीका स्थित एक होटल से पानी की मोटर चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी राममेहर की टीम द्वारा आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी साहिल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बलबेहड़ा निवासी कर्ण की शिकायत अनुसार नगरपालिका चीका के सामने स्थित उसके होटल से 5 जुलाई की रात अज्ञात व्यक्ति पानी की मोटर चोरी करके ले गया।

### रास्ता रोककर की मारपीट, एक घायल

**कैथल।** थाना शहर पुलिस कैथल ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अमरगढ़ ग्रामीण कैथल के पत्रकार रमेश तंवर ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 जुलाई को जब वह माता बड़ी देवी मंदिर के निकट से गुजर रहा था तो दो अज्ञात युवाओं द्वारा रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

## जिले के 81 लाभार्थियों को मिला दोनों योजनाओं का लाभ

# गरीब, मजदूर व किसान को समर्पित है केंद्र व प्रदेश सरकार : सीमा त्रिखा

**शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा एवं विधायक लीला राम ने लाभार्थियों को रजिस्ट्री एवं स्वामित्व पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया**


कैथल। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब, मजदूर व किसान को समर्पित सरकार है। पिछले दस सालों से प्रदेश सरकार ने हरियाणा का चहुंखुशी विकास करवा रही है और सभी वर्गो के हित के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गांव के बाद अब शहरी क्षेत्र में लाल डोरे की जमीन व 20 सालों से नगर पालिकायों की दुकानों में बैठे लोगों को उनका मालिकाना हक देकर दशकों से चली आ रही समस्या को समाप्त किया है।

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू मालिकों को स्वामित्व पत्र वितरण एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को रजिस्ट्री वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर ही थी। वहीं लाभाथियों ने मानेसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री नायब सिंह के संबोधन को सुना।

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि बीजेपी ने 2019 चुनावी घोषणा पत्र में इसका वादा किया गया था, बीस साल से ज्यादा अपनी जगह पर बैठे व्यापारियों को भी कलेक्ट्रेट पर उनकी दुकान का मालिकाना हक दिया जाएगा। जिसे आज पूरा किया गया है। मालिकाना हक मिलने से अब ये लाभार्थी इस जमीन पर लोन ले सकते हैं और इसे बेच भी सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गरीब का दर्द समझते हैं और उनकी नीति एवं नियत स्पष्ट है।

विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल सिस्टम की बदौलत पात्र व्यक्ति को घर द्वार पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा एवं विधायक लीला राम ने लाभार्थियों को रजिस्ट्री एवं स्वामित्व पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के 58 भू मालिकों को स्वामित्व पत्र वितरण एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के 23 पात्र परिवारों को रजिस्ट्री वितरित की है। जिला परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं डीएमसी सुशील कुमार ने धन्यवाद व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रवीण प्रजापति, अजीत चहल, नरेश मित्तल, नरेश वाल्मीकि, हरपाल शर्मा, शक्ति सौदा, रामकुमार, कुशलपाल सैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घग्गर नदी में अवैध रूप से खुदाई का लगाया आरोप

- सिंचाई विभाग के मुखिया ने किया घग्गर नदी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

भारतीय किसान यूनियन ने एक बार फिर अधिकारियों की मिलीभगत के चलते मिट्टी बेचे जाने के आरोप दोहराए। भाकियू ने इसकी एक वीडियो भी बनाई और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। किसान नेता केवल सिंह सदरेहड़ी ने आरोप लगाया कि जब वे मिट्टी खुदाई करने वाले लोगों से जाकर पूछताछ करते हैं, तो उनका रटा रटाया जवाब मिलता है कि बांधों पर मिट्टी गिराई जा रही है, जबकि किसान नेताओं का आरोप है कि मिट्टी बेची जा रही है। एक अन्य किसान नेता व जिला प्रभारी किन्द्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले ङ्कषसचाई विभाग के अधिकारियों ने सरकारी तौर पर ब्यान दिया था कि सरकारी टेंडर की अवधि खत्म हो गई है और प्रशासन की तरफ से खुदाई बंद कर दी गई है।

राव ने पिछले साल यहां आई बाढ़ से जो बांध टूटे थे, उन्हें भी देखा और अधिकारियों को आदेश दिया कि जल्द से जल्द सभी बांधों को मजबूत किया जाए। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के जिला उपप्रधान केवल सिंह सदरेहड़ी व जिला प्रभारी किन्द्र सिंह की अगुवाई में किसानों ने सिंचाई विभाग के मुखिया राव को यहां अधिकारियों की मिलीभगत से मिट्टी घोटाले की शिकायत करते हुए जांच की मांग की, जिस पर उन्होंने किसानों को जांच का भरोसा दिलवाया। उन्होंने बताया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।


गुहला चीका। घग्गर नदी के बांधों का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के चीफ जय देव राव। फोटो :हरिभूमि

**क्या कहना है एसडीएम का:**
एसडीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि पहले भी किसानों की उन के पास शिकायत आई थी, जिसके बाद एक जांच कमेटी का गठन कर दिया गया था, जो कि उक्त आरोपों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि यदि जांच में कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## आओ पेड़ लगाएं, प्रकृति को हरा भरा बनाएं


राजौंद। गांव बीर बागड़ा सरकारी स्कूल में पौधरोपण करते विद्यार्थी।

**राजौंद।** इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा में छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सबसे पहले कुछ पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाए गए जिसमें विद्यालय के इको क्लब प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। इसके बाद बचे हुए पौधे सभी विद्यार्थियों को बांट दिया गए तथा उन्हें निर्देश दिए गए कि उन्हें इस पौधो की अच्छी तरह से देखभाल भी करनी है व अपने परिवार के साथ इसकी फोटो सेल्फी लेनी है तथा पूरे वर्ष भर इस पौधे की परवरिश करनी है ताकि यह पौधा बड़ा होकर हमें छाया फल फूल एवं अन्य उत्पाद प्रदान कर सके क्योंकि हरी-भरी प्रकृति ही अच्छी लगती है तथा इन पौधों से हमें जीवन उपयोगी प्राण वायु निशुल्क मिलती है।

# बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय में चलाया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के प्रांगण में प्रबंधक समिति के प्रधान तेजवीर सिंह के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधरोपण जागरूकता अभियान के निमित्त सात दिवसीय पौधरोपण के तीसरे दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पौधारोपण अभियान की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रबंधन समिति के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं प्राचार्य ने कॉलेज प्रांगण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक फलदार, ओषधीय व छायादार वृक्ष लगाने का अभियान चलाया हुआ है। इसी कारण से कॉलेज प्रांगण में विगत कई वर्षों से हजारों पेड़ पौधे रोपित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना (ईसाई) द्वारा सात दिवसीय पौधरोपण अभियान का आज तीसरा दिन है। पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी जानते है कि पेडों का हमारे जीवन की दिनचर्या में अधिकाधिक उपयोग होता हैं। इसलिए हमें वातावरण को शुद्ध रखने के लिए बहुत सारे पेड़ों की आवश्यकता है।


राजौंद। बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में पौधारोपण करते समिति के पदाधिकारी फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### भारत विकास परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर



**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी की तरफ से 62वें स्थापना दिवस पर शाखा द्वारा माता मनसा देवी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से लगाए गए इस कैंप में मुख्यातिथि के रूप में सरपंच सोहन लाल व विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास तंवर ने भाग लिया। कार्यक्त्रम संयोजक अमित टाया और नवीन टाया रहे और अध्यक्षता शाखा प्रधान प्रवीण मित्तल ने की। कैंप में 121 यूनिट रक्तदाताओं द्वारा ब्लू बैंक नोबल कैथल की टीम के सहयोग से रक्तदान किया। मुख्यातिथि सरपंच सोहन लाल व पार्षद विकास तंवर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने से शरीर पर किसी भी प्रकार विपरीत असर नहीं पड़ता है, बल्कि कई बीमारियों स्वत ही ठीक हो जाती है।

### हलके में समान विकास कार्य करवाए गए : गोलन



**पूंडरी।** पूंडरी हल्का विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि उन्होंने पूरे हलके में एक समान विकास कार्य करवाए है। गोलन गांव हाबड़ी में ग्रामीण सभा को संबोधित कर रहे थे। गोलन ने गांव में हुए विकास कायोंर् पर सभी से चर्चा की और जो काम किए जाने हैं उनके बारे में भी सलाह मशविरा किया। गोलन ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहें हैं और पूरे प्रदेश की जनता इसके लिए तैयार दिखाई देती है। इतिहास में ऐसा पहली बार ही हुआ है जब पूंडरी के किसी भी गांव में चले जाएं तो हर जगह कार्य चले हुए मिल रहें है। यह पूंडरी हल्का वासियों की मेहनत का ही परिणाम है। केवल जात पात के जहर को गोलने का काम कर अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश की है, परंतु इस कार्यकाल में हमने यह कलंक पूंडरी हलके से मिटाकर विकास की राजनीति को स्थापित करने का काम किया है।

### सीआईए-1 पुलिस टीम को एसपी ने किया सम्मानित

**कैथल।** वीरवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में एसपी उपासना द्वारा कई अहम मामले सुलझाने व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए सीआईए-1 पुलिस टीम में शामिल एएसआई प्रदीप कुमार, एचसी दिनेश, एचसी जसमेर सिंह, एचसी सुभाष, एचसी जयवीर, एचसी बलिंद्र सिंह, एचसी राकेश, एचसी सुखपाल तथा सिपाही दिनेश को नकद इनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त सीआईए-1 पुलिस टीम द्वारा गत पिछले दिनो सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में कई अहम मामलों को सुलझाते हुए अपराधियों को सलाखों पीछे भेजा गया है। जिनमें मुख्य रूप से एक ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 4 सदस्यों को पकड़ने का मामला शामिल है, जिनकी गिरफ्तारी से ट्रांसफार्मर व तार चोरी के करीब 152 मामलों को सुलझाने में सफलता हासिल की गई थी। जिनके महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए एसपी उपासना ने कहा कि निष्ठा पूर्वक डयूटी करके खाकी का मान-सम्मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को गर्व है, तथा कैथल पुलिस के अन्य जवान इनसे प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालना करें। बहादुरी से निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करने वाले कर्मचारी-अधिकारियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा।


कैथल। सीआईए-1 पुलिस टीम को सम्मानित करते हुए एसपी उपासना।


कैथल। बच्चो को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

### कोचिंग लेने वाले विद्यार्थियों को किया जागरूक

**कैथल।** यातायात दुर्घटनाओं और साइबर अपराधों में कमी लाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत वीरवार को ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा सरकारी स्कूल पट्टी अफगान कैथल में तथा पुलिस चौकी पूंडरी प्रभारी एएसआई सुरेश की टीम द्वारा पूंडरी स्थित एक स्टडी सेंटर में कोचिंग लेने वाले विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि स्कूल में आते जाते समय किस प्रकार से दोनों ओर देखकर सड़क को पार करें। स्कूल से छुट्टी होते ही सीधे सड़क पर न निकलें, इसके अलावा भी यदि आप माता-पिता के साथ कहीं जा रहे हैं तो उन्हें भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहें, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, पहले पैदल व्यक्ति को सड़क पार करने दें, वाहन को हमेशा बांई लाइन में ही चलाएं और वाहन पर उसकी क्षमता से अधिक न बैठें।

# अनाज मंडी डिफाल्टर राइस मिलरों व आढ़तियों पर कसेगी शिकंजा : गर्ग

- बैठक की अध्यक्षता नई मडी प्रधान रामकुमार गर्ग ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल नई मंडी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंडी से फसल खरीद कर भागने वालों तथा मंडी की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नई मडी प्रधान रामकुमार गर्ग ने की। बैठक में सर्वप्रथम मंडी प्रधान ने बताया कि जल्दी ही मंडी में कई वर्षों से खराब चले रहे नये सीवरेज बनाए जाएंगे। इस पर बैठक में उपस्थित आढ़तियों ने मंडी में से किसानों की फसल खरीद कर आढ़तियों के पैसे लेकर भागने वालों पर कारवाई करने की मांग की है। आढ़तियों की इस मांग पर एक 14 सदस्यों की कमेटी बनाई गई है, जिसके प्रधान भी मंडी प्रधान रामकुमार गर्ग ही होगें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि आगे मंडी प्रधान बदलता है तो भी ये ही इस कमेटी की अध्यक्षता करते रहेंगे और नये प्रधान को उसमें शामिल कर लिया जायेगा।


कैथल। आढ़तियों की बैठक को संबोधित करते रामकुमार गर्ग।

### बड़ौली के नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होगी : जितेंद्र



**पूंडरी।** भाजपा आई.टी. सैल प्रमुख एवं पूर्व पार्षद जितेंद्र राणा ने कहा कि मोहन लाल बढोली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोहन लाल बढ़ौली के नेतृत्व में भाजपा संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने अपने संकल्प के माध्यम से पार्टी के संरचनात्मक विकास, कार्यकर्त्ताओं की समझ और प्रेरणा को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा में नेतृत्व एक महत्वपूर्ण और मायने रखने वाला पद है, जो न केवल नेता के व्यक्तित्व को प्रकट करता है, बल्कि कार्यकर्त्ताओं को जोडने व धरातल पर मजबूती प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है, इसमें कार्यकर्त्ता ही सब कुछ होता है।

### विस चुनावों में जेजेपी रिकॉर्ड सीटें जीतेगी: राजू पाई

**पूंडरी।** हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला एवं पूर्व डिप्टी सी.एम. दुष्यंत चौटाला प्रदेश के सभी जिला में जाकर कार्यकर्त्ताओं में जोर भरने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में डा. अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला 12 जुलाई को समय 3 बजे कैथल के अंबाला रोड़ स्थित आर.के.एम पैलेस में जिला स्तरीय कार्यकर्त्ता बैठक को संबोधित करेंगे और विधानसभा चुनावों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जेजेपी के पूंडरी से पूर्व प्रत्याशी राजू पाई ने बताया कि इस बार के विधानसभा चुनावों में भी जेजेपी जनता के सहयोग से रिकॉर्ड सीटों पर जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में सरकार बनाएगी।



कलायत। लीगल लिट्रेसी में अव्वल रहे स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### पेंटिंग प्रतियोगिता में अंजली रही प्रथम

**कलायत।** खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में शिक्षा भारती विद्या निकेतन के छात्रों ने भिन्न-भिन्न विषय में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग विद्यालयों से छात्रों ने भाग लिया। इसमें पेंटिंग ,स्लोगन ,वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन , स्किट, भाषण प्रतियोगिता आदि शामिल थे। इस प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा की छात्रा अंजलि ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौवी कक्षा की छात्रा वंशु ने निबंध लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा की छात्रा आरती व स्नेह ने वाद विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा की छात्रा अंशुल ने स्लोगन लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार शिक्षा भारती विद्या निकेतन का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह व प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया और कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना को जागृत करना है।

## कैथल के जिला कोर्ट परिसर में लगाए पौधे

# विवि ने की पौधारोपण अभियान की शुरूआत

- मुख्य अतिथि के रुप में प्रधान एडवोकेट बलजिंदर मलिक व जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष नीलम कश्यप ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के कुलपति प्रो .डॉ .शमीम अहमद पौधे वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत समस्त जिले में दस हजार पेड़-पौधे लगाने के अभियान कि शुरूआत जिला कैथल के कोर्ट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला बार एसोसिएशन कैथल के प्रधान एडवोकेट बलजिंदर मलिक और जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष नीलम कश्यप ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन कैथल प्रधान एडवोकेट बलजिंदर मलिक ने कहां की पेड़-पौधे हमारे स्वस्थ जीवन का आधार हैं। इसलिए इनकी देखरेख और उचित देखभाल करना हम सबका कर्तव्य है और पर्यावरण संरक्षण प्रहरी बनकर समाज में इस बारे जागरूकता की अलख जगाने की सख्त जरूरत है । उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने पूरे जिले में जो दस हजार पेड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है उस लक्ष्य को पूरा करने में जिला बार एसोसिएशन कैथल कम से कदम मिलाकर बढ़ चढ़कर सहयोग करेगी। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष नीलम कश्यप ने कहा कि एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण पहरी बनकर एक बहुत ही बड़ी शुरूआत की है और पूरे समाज के सामने एक बड़ी मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.डॉ.शमीम अहमद, ने शिरकत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल, डीन आफ लॉ डॉ.विकासदीप कोहली , जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्य एवं विश्वविद्यालय स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे अगली कड़ी में एन .आई. आई .एल. एम. विश्वविद्यालय कैथल द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों में भी विशेष अभियान चलाकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा ।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू व छोटू राम शिक्षा समिति के सलाहकार सदस्यों एडवोकेट कुलदीप पिंडारा, कुलबीर चहल, प्रो. नरेंद्र सिंधू ने भी पौधारोपण का कार्य किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर रेढू ने कहा कि महाविद्यालय में अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाए गए हैं। क्योंकि यह मौसम पौधारोपण कार्यक्रम के लिए सबसे उपयुक्त मौसम है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।



### बीरबांगड़ा के स्कूल में किया पौधरोपण

**राजौंद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बीर-बांगडा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रभारी शिक्षक रामनिवास ने कहा कि सभी पेड़ खुशी के पेड़ हैं कई अध्ययनों से पता चला है कि शहरी क्षेत्रों में पेड़ों की मौजूदगी तनाव को कम करके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती है। अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में रहने से तनाव हार्मोन कोर्टिसोल का स्तर कम होता है। शिक्षक राजकुमार ने विद्यार्थियों को पेड़ पौधों के लाभ बताते हुए कहा कि पेड़ वायु प्रदूषण गर्मी को कम करते हैं।

### समस्याओं को लेकर श्रम मंत्री से की मुलाकात

**उचाना।** राष्ट्रीय कामगार मजदूर संघ के उचाना तहसील प्रधान दिलबाग सिंह पांचाल की अगुवाई में प्रदेश के श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा से चंडीगढ़ में मुलाकात की। संघ के उपाध्यक्ष संदीप छात्तर, कुलदीप घसो भी साथ में मौजूद रहे। पांचाल ने बताया कि मजूदरों की मांगों को लेकर विस्तार से श्रम मंत्री से चर्चा की गई।

### महिला के गले से हजारों की सोने की चेन तोड़ी

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल ने एक महिला के गले से हजारों रुपए की सोने की चेन छीनने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव सतरोड़ खुर्द के संजीव शर्मा ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 जुलाई को जब उसकी पत्नी ग्योंग के निकट से गुजर रही थी तो अज्ञात व्यक्ति उसके गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गए।

### विधायक आज वकीलों से करेंगे मुलाकात

**गुहला-चीका।** गुहला विधायक ईश्वर सिंह शुक्रवार को अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत गुहला बार में वकीलों से रूबरू होंगे। उक्त जानकारी देते हुए विधायक के कार्यालय प्रभारी अजय शर्मा ने बताया कि विधायक वकीलों को उनकी समस्याओं बारे बातचीत करेंगे। बताया कि वकीलों की गिनती बुद्धिजीवी वर्ग में होती है।

### होटल से पानी की मोटर चोरी का आरोपी दबोचा

**गुहला चीका।** चीका स्थित एक होटल से पानी की मोटर चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी राममेहर की टीम द्वारा आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी साहिल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बलबेहड़ा निवासी कर्ण की शिकायत अनुसार नपा चीका के सामने स्थित उसके होटल से 5 जुलाई की रात अज्ञात व्यक्ति पानी की मोटर चोरी करके ले गया।

### नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के कारण अटक रही व्यवस्था

# सिजेरियन डिलीवरी के लिए जिले में नहीं महिला चिकित्सक

- व्यवस्थाएं सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग कर रहा मंथन
- गर्भवति महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए निजी अस्पतालों को लिया पैनल पर
- लेबर रुम में एक और महिला चिकित्सक को बुलाया डेपुटेशन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिलेभर के चिकित्सकों के साथ बैठक करते सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल प्रशासन अब व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का भरसक प्रयास कर रहा है लेकिन चिकित्सकों की कमी के चलते यह व्यवस्थाएं धरी की धरी रह जा रही हैं। गर्भवति महिलाओं को राहत देने के लिए सफीदों, नरवाना व उचाना में निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों से स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध किया है। स्वास्थ्य विभाग कितनी भी महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजेगा तो सभी का निजी अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड करना पड़ेगा। इसके बदले स्वास्थ्य विभाग 350 रुपये प्रति अल्ट्रासाउंड के भुगतान करेगी। उचाना अस्पताल से एक महिला रोग विशेषज्ञ को तीन दिन के लिए जींद डेपुटेशन पर बुलाया गया है। वहीं जिन निजी चिकित्सकों से सिजेरियन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध किया हैए उनको भी बुलाते ही अस्पताल पहुंचने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**सिजेरियन गर्भवती महिलाओं को किया जा रहा रेफर**

नागरिक अस्पताल में सबसे 'यादा परेशानी गर्भवति महिलाओं को आ रही है। पूरे जिले में किसी भी सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों से स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध किया है। जितनी भी गर्भवति महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड के लिए भेजेगा, उन सभी का फ्री में अल्ट्रासाउंड करना पड़ेगा। इसकी एवज में प्रति अल्ट्रासाउंड स्वास्थ्य विभाग निजी केंद्र को 350 रुपये देगा। यदि कोई भी अल्ट्रासाउंड केंद्र मना करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। वीरवार को नरवाना, सफीदों के अल्ट्रासाउंड केंद्रों से भी अनुबंध किया गया।

**सबसे बड़ी समस्या सीजेरियन करने की**

पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास एक भी महिला रोग विशेषज्ञ नहीं है। जो सिजेरियन (ऑपरेशन से बच्चा पैदा) कर सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ निजी चिकित्सकों से अनुबंध किया हुआ है लेकिन वह चिकित्सक रात के समय नहीं आते। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग ने कुछ और निजी चिकित्सकों से अनुबंध किया है ताकि जो भी चिकित्सक उपलब्ध होए उसको बुलाकर सिजेरियन करवाया जा सके।

**लेबर रूम में तीन दिन से लिए डेपुटेशन पर चिकित्सक**

नागरिक अस्पताल के लेबर रुम में नार्मल डिलीवरी करवाने के लिए उचाना के नागरिक अस्पताल से डा. गीता ढांडा को तीन दिन के लिए जींद के नागरिक अस्पताल में डेपुटेशन पर बुलाया गया है। उनके स्थान पर किसी अन्य महिला चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। यह सब चिकित्सकों की कमी के कारण हो रहा है। ऐसे में जहां से चिकित्सकों को डेपुटेशन पर लिया जाता हैए वहां का काम प्रभावित होना शुरू हो जाता है।

**गर्भवती का फ्री में अल्ट्रासाउंड होगा : सीएमओ**

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि चिकित्सकों की भारी कमी है। पूरे जिले में कोई भी सिजेरियन करने के लिए महिला चिकित्सक नहीं है। कुछ निजी चिकित्सकों से अनुबंध किया है। उम्मीद है जल्द ही चिकित्सकों की कमी दूर होगी। व्यवस्थाएं सुधारने के लिए निजी चिकित्सकों के साथ-साथ सरकारी चिकित्सकों की भी बैठक ली गई। गर्भवति महिलाओं का मुफ्त में अल्ट्रासाउंड होगा। कोई भी निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र मना नहीं कर सकेगा। लेबर रुम में एक महिला चिकित्सक को उचाना से डेपुटेशन पर बुलाया गया है।



उचाना। एसपीएस उचाना मंडी में आयोजित हुई विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन

- उत्कृष्ट मॉडल का चयन कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल बनाए। प्राचार्या प्रोमिला मलिक, प्रबंधन समिति की चेयरपर्सन पूनम खटकड़, संरक्षक नफे सिंह खटकड़ एवं पुनीत खटकड़ ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। प्रोमिला मलिक ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों को गृह कार्य के लिए विभिन्न विषयों के मॉडल एवं चार्ट दिए गए थे। जिनकी प्रदर्शनी का आयोजन किया। उत्कृष्ट मॉडल का चयन कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मॉडल चयनित करने के लिए बनाए गए निर्णायक मंडल में प्रवक्ता देव मित्तल, तरषेम जटैण, सोहन शर्मा, विकास मेहरवाल, राकेश को शामिल किया। उत्कृष्ट मॉडल के लिए दीक्षा, कीर्ति, मुस्कान, निशा, जानवी, वंशिका, तनीशा, हर्ष, तन्नु, निशा, विनायक, आरजू, कृति, तन्नु को सम्मानित किया। इस मौके पर राजेश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।



उचाना। कन्या गुरूकुल पहुंचे बीडीपीओ शमशेर नैन, एबीपीओ बलिंद्र सिंह एवं गुरूकुल कमेटी।

## बीडीपीओ ने किया गुरुकुल का दौरा

**उचाना।** गुरूकुल खेड़ा गांव स्थित कन्या गुरूकुल में बीडीपीओ शमशेर नैन, एबीपीओ बलिंद्र सिंह पहुंचे। यहां पर कन्या गुरूकुल कमेटी द्वारा विस्तार से कन्या गुरूकुल संबंधित अधूरे कामों को लेकर जानकारी बीडीपीओ को विस्तार से बताया। हवा सिंह करसिंधु, ओमदत्त डाहोला ने बताया कि छात्राओं की प्रार्थना सभा का जो मैदान है वहां शैड नहीं होने से सुबह के समय प्रार्थन सभा के दौरान गर्मी का मौसम होने से परेशानी होती है। गुरूकुल में काफी कार्य अधूरे है जिनको लेकर लंबे समय से मांग करते आ रहे है। शौचालयों के निर्माण के लिए भी कई बार मांग कर चुके है। बीडीपीओ शमशेर नैन ने कहा कि कन्या गुरूकुल में जो-जो अधूरे काम है सबको जल्द से जल्द करवाया जाएगा। जो-जो मांगे रखी है उन पर भी प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा। कन्या गुरूकुल उचाना क्षेत्र में नारी शिक्षा को लेकर अलख जगा रहा है। कमेटी द्वारा निरंतर गुरूकुल हित को लेकर किए जा रहे कार्य सराहनीय है। इस मौके पर पूर्व सरपंच तेलू, हरिकेश आदि मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन ने रखा वर्क सस्पेंड

- वकील पर जानलेवा हमले की घटना निंदनीय : सुमित श्योकंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। मीटिंग में मौजूद बार एसोसिएशन नरवाना के सदस्य।

बार एसासिएशन नरवाना में प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नरवाना बार के सभी सदस्यों ने वीरवार को वर्क संस्पैंड किए जाने का निर्णय लिया। यह जानकारी देते हुए सचिव सुमित श्योकंद ने बताया कि बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान विकास मलिक का लाईसैंस रद्द किए जाने के विरोध में वर्क संस्पैंड रखा गया। नरवाना बार एसोसिएशन इस आदेश का खंडन करती है जोकि यह दर्शाता है कि पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल के सदस्यों के द्वारा प्रधान विकास मलिक को बेवजह परेशान किया जा रहा है। साथ ही पलवल की सब-डिवीजन कोर्ट होडल बार एसोसिएशन के प्रधान पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने के विरोध में भी आज वर्क संस्पेड रखा गया है। सचिव सुमित श्योकंद न बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन अभी तक किसी की गिरफतारी नहीं हुई है। समाज में इस तरह की घटना निदंनीय है। इसी ऐवज में ऑल हरियाणा बार एसोसिएशन ने पूरे हरियाणा में वर्क संस्पेड की कॉल दी गई और नरवाना बार एसोसिएशन ने इस कॉल का समर्थन करते हुए कार्य को पूर्ण रूप से स्थगित रखा। इस अवसर पर एडवोकेट आदित्य शर्मा, सुशील शर्मा, प्रदीप मलिक, रोहताश नैन, अजय मोर, अनिल नैन, कुलवंत श्योकंद आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश के सभी डीडीओ की होनी चाहिए निष्पक्ष जांच : होशियार

**पाई।** भाकियू (धन्ना भगत गुट) के प्रदेशाध्यक्ष होशियार सिंह गिल ने सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग के सभी जिलों के उप निदेशकों की जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि विभाग के एक कर्मचारी ने जिस प्रकार से कैथल जिला कृषि विभाग के डी डी ए की पोल खोली है, उससे लगता है कि यह सब प्रदेश के सभी जिलों में हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसान तो कई सालों से कह रहे है कि विभाग के भ्रष्ट उच्च अधिकारी खाद,बीज, दवाईओं के विक्रेताओं से रिश्वत लेते है और दक़ानदार उसके बाद किसानों को जमकर लुटते है। खाद की कमी दिखाकर खाद के साथ मनमर्जी किमत पर दवाईयां व अन्य वस्तुयें जबरदस्ती देते है। उन्होंने कहां कि उस समय किसान जब अपनी आवाज इस बारे में उठाते थे तो सबुत की कह कर किसानों की आवाज को दबा दिया जाती थी। अब इस भ्रष्टाचार की जिला कैथल कार्यालय की लिस्ट व आडियों सबके सामने है। उधर भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत हाबडी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बलवान पाई, सचिव करतारा राम पाई आदि ने भी सरकार से इस की उंच स्तरीय जांच करवाने की धोषणा जल्दी ही करने की मांग की है और जिला कैथल के पिछले सभी ऊंच अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस ओर ध्याान नही देती तो किसान धरना प्रदर्शन करने से पीछे नही हटेंगे जिसकी जिम्मदारी सरकार व जिला प्रशासन की होगी।

## नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

- बुरी संगत से अकेला रहना भला : डा. अशोक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते उप निरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा।

हरियाणा रा'य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हसनपुर गांव आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा रा'य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। विद्यालय के शिक्षक अमित कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 353 छात्रोंए शिक्षकों एवं कर्मियों ने भाग लिया। डा. अशोक कुमार वर्मा ने छात्रों कहा कि सभी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति माता पिता होते हैं। उन्होंने छात्रों से प्रश्न किया कि क्या किसी के माता-पिता ने कोई नशा सेवन के लिए दिया। सभी का एक ही उत्तर था न। उन्होंने नशे पर चर्चा करते हुए कहा कि यद्यपि बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, जर्दा, खैनी, शराब आदि पर सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया लेकिन इनके ऊपर बड़े बड़े बड़े अक्षरों में लिखा है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और साथ ही कैंसर का फोटो लगाया हुआ है। बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग नशे से मरते हैं। अकेले भारत में यह संख्या 19 लाख है। कहा कि नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टांस एक्ट 1985 के अंतर्गत अफीम, चरस, भांग, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी रखना व सेवन करनाए खरीदनाए बेचना प्रतिबंधित है।

### प्रदेश में बढ़ रही आपराधिक वारदातों से दहशत में लोग

**उचाना।** आम आदमी पार्टी के हिसार लोकसभा उपाध्यक्ष पवन फौजी ने कहा कि प्रदेश में निरंतर आपराधिक वारदातों में बढ़तोरी हो रही है। प्रदेश के लोगों में दहशत का माहौल है। हांसी में हीरो एजेंसी मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। हिसार में निरंतर फिरौती को लेकर व्यापारियों के पास फोन आ रहे है। ऐसे में व्यापारी वर्ग में डर का माहौल है। आज सरकार हर मोर्चा पर विफल साबित हो रही है। प्रदेश में इस बार बदलाव का मन मतदाता बना चुके है। मतदाता इस बार आप को सत्ता में लाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आता देख खुद के फैसले का यू-टर्न सरकार कर रही है। अब कितने ही फैसले यू-टर्न कर ले मतदाता इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।

## ब्लॉक समिति सदस्यों ने मांगी पॉवर

- सीएम नायब सैनी के नाम भेजा एसडीएम के माध्यम से मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। बीडीपीओ को मांग पत्र देते ब्लॉक समिति सदस्य एवं चेयरमैन।

सीएम नायब सिंह सैनी के नाम ब्लॉक समिति सदस्यों द्वारा सरपंचों की तरह ब्लॉक समिति सदस्यों को पॉवर दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन बीडपीओ शमशेर नैन को सौंपा गया। ब्लॉक समिति चेयरमैन दिनेश सुदकैन सहित विभिन्न ब्लॉक समिति सदस्य एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। ब्लॉक समिति सदस्य अनिल सुदकैन ने बताया कि ब्लॉक समिति सदस्यों को सरपंचों की तरह पॉवर देने की मांग को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन भेजा गया है। ब्लॉक समिति सदस्यों को उनके वार्ड में सरपंच की तरह काम करवाने के लिए अधिकार देने का काम सरकार करें। लंबे समय से मांग करते आ रहे है लेकिन उनकी मांग को अनसुना किया जाता रहा है। मांग पत्र के माध्यम से 21 लाख तक की राशि प्रत्येक पंचायत समिति सदस्य को दी जाए, पंचायत समिति सदस्य, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन का मानदेय बढ़ाया जाए, सरकार द्वारा जारी सभी टेबल रद्द करने कार्य करने का पूर्ण अधिकार दिया जाए, जिला योजना समिति के अनुदान से होने वाले विकास कायार्ं में पंचायत समिति की भागीदारी सुनिश्चित करने, सरकार द्वारा पंचायत समिति को दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी, पंचायत समिति द्वारा करवाए जाने वाले कायार्ं की देखरेख का अधिकार पंचायत समिति सदस्यों को देने, मनरेगा के तहत जो भी कार्य गांव में करवाए जाते है उनमें भी पंचायत समिति की भागीदारी सुनिश्चित करने, सरपंच/ नंबरदार की तरह प्रत्येक पंचायत समिति सदस्य को भी गांव में स्टैम्प पावर देने, गांव में सरपंच की तरह पंचायत समिति सदस्य को भी गांव में कार्य करने का पूर्ण अधिकार देने की मांग रखी।

### कार्यकर्ता निराशा छोड़ कर शुरू करें काम : डा. अजय

**जींद।** जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक वीरवार को शहर की जाट धर्मशाला में हुई। इसमें जजपा के राष्ट्रीयाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने शिरक्त कर विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा, ताकि पूर्व में हुए लोकसभा चुनावों में हुई हार की निराशा को छोड़ कर वह विधानसभा चुनावों में पार्टी को एकतरफा बहुमत दिलवाने का काम करें। इसमें जजपा के राष्ट्रीयाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास 100 दिन का समय है। यह समय कम तो है, लेकिन कार्यकर्ता मेहनत करें तो वह अपने मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यक्रम** भाजपा सरकार गरीब लोगों के जीवन उत्थान के प्रति वचनबद्ध

# सरकार लोगों के वर्षों पुराने सपने को साकार कर रही : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। लाभ पात्रों को योजना का लाभ देते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

- डीआरडीए सभागार में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम
- कार्यक्रम के दौरान पात्र लोगों को दिया गया मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना व लाल डोरा से मुक्ति योजना का लाभ

डीआरडीए सभागार में मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना और लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरण जिला स्तरीय कार्यक्रम वीरवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने अपने हाथों से लाभार्थियों को प्रोपर्टी प्रमाण पत्र और मालिकाना हक के लिए कंवेस डीडी भेंट की। कार्यक्रम के दौरान डीएमसी विरेंद्र सहरावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोरए नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी भी मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा. मिढा ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार हर रोज नई-नई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। सरकार गरीब लोगों के जीवन उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार गरीबी रेखा से जीवन यापन कर रहे लोगों के जीवन को संवारने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन लोगों के सपनों को साकार किया है जो वर्षोंर् से दुकानों पर मालिकाना हक का सपना संजोए बैठे थे, सरकार ने कलेक्टर रेट पर उनको मालिकाना हक देकर रजिस्ट्री उनके नाम की है। इसी प्रकार से सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत हैप्पी कार्ड दिए हैं। जिसमें एक हजार किलोमीटर की यात्रा फ्री कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब पात्र लोगों को 100 गज के प्लाट पर कब्जा दिलाने या प्लॉट के एक-एक लाख रुपये की सहायता दी है, जो कि एक एतिहासिक कार्य है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान और चिरायु योजना से गरीब लोगों की इलाज सम्बंधित चिंता दूर हुई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जींद से 30 तथा नरवाना, जुलाना, सफीदों ओर उचाना से 5-5 लाभार्थियों को प्रोपर्टी प्रमाण पत्र दिए गए। इसी प्रकार से लाल डोरा से मुक्ति योजना के तहत जींद से 20 और नरवाना, उचाना, सफीदों और जुलाना से 10-10 लाभार्थियों को रजिस्ट्री सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान मानेसर में आयोजित कार्यक्त्रम का लाईव प्रसारण दिखाया गयाए जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश वासियों के नाम अपना संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में गरीब लोगों के जीवन उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान नगर परिषद ईओ रिषिकेश चौधरीए नगर परिषद सचिव रविंद्र व अशोक दांगी, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, एलओ सचिन गोयल, एसआई नीलम देवी के अलावा अनेक नगर पार्षद के अलावा अनेक गणमान्य लोग व लाभार्थी मौजूद रहे।